आकाशवाणी शिमला
24.01.2026/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

पीएम – रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार भारत और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत कई देशों के साथ व्यापार और आवागमन समझौते कर रहा है, जिससे देश के कुशल युवाओं के लिए अनेक अवसर सामने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से 18वें राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत की सशक्त अर्थव्यवस्था पर बल देते हुए कहा कि यह दुनिया की एकमात्र अर्थव्यवस्था है, जिसने एक दशक में अपनी जीडीपी को दोगुना कर लिया है। उन्होंने कहा कि आज एक सौ से ज़्यादा देश, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश–एफडीआई के माध्यम से भारत में निवेश कर रहे हैं।

नरेनद्र मोदी ने कहा कि रोजगार मेला एक संस्थागत व्यवस्था बन चुका है और लाखों युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों से नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।

मौसम

राज्य में हुई भारी बर्फबारी और वर्षा से सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त हुआ है और समूचा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। एक ओर जहां ये वर्षा और बर्फबारी किसानों व बागवानों के चेहरों पर रौनक लेकर आई है वहीं अन्य लोगों को कई परेशानियों को सामना भी करना पड़ रहा है। प्रदेशभर में सैंकड़ों सड़कें बर्फबारी के कारण बंद हैं जबकि 4 हज़ार से अधिक बिजली ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। लोक निर्माण विभाग ने सड़कों की बहाली के लिए भारी मशीनरी लगाई है और कई सड़कों पर यातायात बहाल कर दिया गया है। ऊपरी शिमला में अधिकांश सड़कों पर यातायात अवरूद्ध बना हुआ है। शिमला शहर की अधिकांश अंदरूनी सड़कों भी यातायात बहाल कर दिया गया है लेकिन सड़कों पर फिसलन बनी हुई है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि बर्फबारी के कारण प्रदेश में एक हज़ार 2 सौ 91 सड़कें यातायात के लिए बाधित हुई है और इन्हें बहाल करने के प्रयास युद्धस्तर पर जारी है।

मौसम विभाग ने अगले दो दिन राज्य के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जबकि अन्य क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा की संभावना जताई है जबकि 27 जनवरी को अनेक क्षेत्रों में भारी हिमपात व वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस है। इस दिन का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए जागरुकता फैलाना है। यह दिन समाज को बालिकाओं के लिए समान, सुरक्षित और सशक्त वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है, ताकि वे राष्ट्र के विकास में समान रूप से योगदान दे सकें। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने पहली बार वर्ष 2008 में इस दिन की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 जनवरी 2015 को शुरू की गई बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की वर्षगांठ हाल ही में देश भर में मनाई गई। इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य कन्या रूण हत्या, बाल विवाह और लैंगिक भेदभाव जैसे गंभीर मुद्दों का समाधान करना और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में भी कई कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं के उत्थान पर बल दिया गया।